### 17 अक्टूबर को तहसील परिसर में गाड़ी की डिक्की से चोरी हुए थे तीन लाख चालीस हजार

# एक माह बाद भी नहीं दर्ज हुई आवेदिका की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा कोतवाली में किसी भी अपराध की एफआईआर कराना आसान नहीं है। दर्जनों बार चक्कर काटने और डे ऑफिसरों की जली कटी सुनने के बाद भी अगर आपकी एफआईआर लिख ली जाए तो आप बेहद भाग्यशाली माने जा सकते हो। परंतु ऐसे भाग्यशाली होने का सौभाग्य हर किसी को नहीं प्राप्त होता।

मामला यह है कि 17 अक्टूबर 2025 को तहसील परिसर से गाड़ी क्रमांक एमपी 28 एससी 6466 में रखे तीन लाख 40 हजार रूपए चोरी कर लिए गए। जिसकी सीसीटीवी फुटेज में रिकार्डिंग भी हो गई और पुलिस को दे दी गई। इस बात की शिकायत आवेदिका रजनी कुशवाहा द्वारा कोतवाली में 17 अक्टूबर को ही लिखित रूप में दी थी जिसकी न तो कोई रिसीविंग नहीं दी गई। महिला एक माह से ज्यादा समय से कोतवाली के चक्कर काटते हुए थक गई परंतु आज दिनांक तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई।



इतने गंभीर विषय में पुलिस की लापरवाही का आलम यह है कि आज (शुक्रवार) को महिला ने परेशान होकर एसपी कार्यालय में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने और शीघ्र कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई। सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद भी पुलिस का यह ढुलमुल रवैया कहीं सिवनी जैसे कांड की ओर तो इशारा नहीं कर रहा है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। वैसे भी पुलिस पर समाज का भरोसा कुछ ज्यादा नहीं है। अगर पुलिस इस तरह की ढीली कार्यवाही करती रही तो यह विश्वास निरंतर कम ही होता रहेगा।

एसपी कार्यालय में शिकायत के बाद महिला शिकायत की कॉपी लेकर जब डीआईजी कार्यालय गई और डीआईजी साहब से मुलाकात की तो साहब ने टीआई साहब को फोन लगाकर तुरंत एफआईआर करने के निर्देश दिए। परंतु विडंबना देखिए कि डीआईजी साहब के आदेश को भी दरकिनार करने से नहीं चूक रहे हैं। महिला के द्वारा कोतवाली जाने पर डे ऑफिसर ने महिला को ही चार बातें सुनाते हुए महिला पर ही लापरवाही का आरोप लगा दिया। जिससे महिला घबराहट के कारण कोतवाली से वापस चली गई और उसकी एफआईआर तक दर्ज नहीं हो पाई।

कोतवाली पुलिस की लापरवाही का यह कोई एक मामला नहीं है इस तरह के मामले प्रतिदिन सामने आते है। परंतु वरिष्ठ अधिकारियों के आंखों में धूल झोंकते हुए कार्य कर रहे कोतवाली पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी मप्र पुलिस की छवि को खराब करने में लगे है।

महिला द्वारा तीन लाख 40 हजार खोने का दंश झेल रही अब कोतवाली पुलिस के चक्कर काटने को मजबूर है। उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद हो सकता है कि एफआईआर दर्ज की जा सके। अब जब एफआईआर के लिए ही इतनी मशक्कत पुलिस से करनी पड़ रही है तो आगे की कार्यवाही कितनी सजगता से की जाएगी। यह कुछ कहा नहीं जा सकता।

बहरहाल दर दर की ठोकर खाती आवेदिका रजनी कुशवाहा को इंतजार है कि छिंदवाड़ा कोतवाल तीन लाख 40 हजार रूपए चोरी होने की एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति पर सरपंच संघ ने जताया विरोध

**परासिया :** स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से की जा रही नियुक्तियों पर विवाद गहरा गया है। सरपंच संघ ने इन नियुक्तियों पर एतराज जताया है। सीएमएचओ को लिखे पत्र में संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने कहा है कि परासिया विकास खण्ड के ग्रामीण प्राथमिक एंव उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मल्टी स्किल्ड ग्रुप डी वर्कर एंव कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (आउटसोर्स) नियुक्ति की जा रही है, नियुक्ति के संबंध में विभिन्न समाचार पत्रों में आर्थिक लेनदेन, पक्षपात तथा अनियमितताओं की खबरे प्रकाशित हुई है जिसके कारण कर्मचारियों के नियोजन की पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में नियुक्ति हेतु योग्य पात्र स्थानीय व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही इन नियुक्तियों का विरोध संबंधित सरपंचों एंव जन प्रतिनिधियो द्वारा किया जा रहा है। इसीलिए इन नियुक्तियों में ग्रामीण पात्र युवाओं को प्राथमिकता दी जाये। उल्लेखनीय है कि इन नियुक्तियों के विरोध में गत दिनों जनपद पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में प्रस्तावपरित कर नए सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया कर स्थानीय लोगों को नियुक्त करने की मांग की गई है।

## डम्पर से हो रहा था गिट्टी का अवैध परिवहन, प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कांग्रेस द्वारा लगातार अवैध धंधों का मुद्दा उठाय जाने के बाद पुलिस भी गंभीर नजर आई । परिणाम स्वरुप गिट्टी का अवैध परिवहन करते एक डम्पर पुलिस के हत्थे चढ़ गया । जिस पर माइनिंग विभाग द्वारा मामला दर्ज किया गया है ।मिली जानकारी के अनुसार परासिया थाना प्रभारी अरुण मर्सकोले गुरुवार को छिंदवाड़ा से परासिया आ रहे थे । रात करीब 9 बजे सोनापीपरी के पास एक डम्पर को रोका , उसमें गिट्टी भरी हुई थी , लेकिन रॉयल्टी नहीं थी । जिसके चलते डम्पर को थाने लाकर खड़ा कर इसकी सूचना खनिज विभाग को दी गई । खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे ने शुक्रवार को परासिया आकर खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है । उन्होंने बताया कि परासिया मंगली बाजार निवासी मुकेश वर्मा द्वारा ट्रक क्रमांक MP 48 हो 821 से गिट्टी परिवहन किया जा रहा था ।

## अमरवाड़ा पुलिस ने जुआफड़ पर मारी रेड, चार आरोपी गिरफ्तार

### 5 मोटरसाइकिल सहित कुल 3 लाख 55 हजार 230 रुपये की मशरुका जप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अति. पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती कल्याणी वरकड़े, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में आज 20/11/2025 को जुर्म जरायम पतासाजी हेतु कस्बा सिंगोड़ी रवाना हुये थे जो दौरान भ्रमण के मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग नदी मोहल्ला, बिजली पोल के नीचे, खकरा चौरई चौकी सिंगोडी में ताश के 52 पत्तो पर रूपये पैसो के हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर सूचना रेड कार्यवाही कर आरोपियों (1) विनोद पिता दादूराम चंद्रवंशी उम्र 40 वर्ष निवासी महेन्द्र वाडा चौकी सिंगोडी (2) उदयराम पिता स्वरुप चंद्रवंशी उम्र 45 वर्ष निवासी खकरा चौरई चौकी सिंगोडी (3) रिजवान पिता इकबाल कुरैशी उम्र 40 वर्ष निवासी धारना बरघाट हाल निवासी राजिक अंसारी का किराया का मकान सिंगोडी (4) अजय पिता इंदल साहू उम्र 42 वर्ष निवासी खंकरा चौरई सिंगोड़ी चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा को पकडा गया।

उक्त आरोपियों के कब्जे से कुल 5230/-रूपये नगदी तथा ताश के 52 पत्ते समक्ष गवाहान मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। घटनास्थल से मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डीलक्स क्र MP 28 NC 6617, मोटरसाइकिल होण्डा साइन क्र MP 28 ZH 2162, मोटरसाइकिल बजाज पल्सर क्र MP 28 ZJ 0988, मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर क्र MP 22 MB 8473, मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस क्र MP 04 X 3542 प्राप्त होने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया।

### ये लगी धारा

शुदा आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार आरोपीगण

(1) विनोद पिता दादूराम चंद्रवंशी उम्र 40 वर्ष निवासी महेन्द्र वाडा चौकी सिंगोडी (2) उदयराम पिता स्वरुप चंद्रवंशी उम्र 45 वर्ष निवासी खकरा चौरई चौकी सिंगोडी (3) रिजवान पिता इकबाल कुरैशीं उम्र 40 वर्ष निवासी धारना बरघाट हाल निवासी राजिक अंसारी का किराया का मकान सिंगोडी (4) अजय पिता इंदल साहू उम्र 42 वर्ष निवासी खकरा चौरई सिंगोड़ी चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा

### जप्त संपत्ति

(1) जुआ की कुल जप्ती रकम 5230/- रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते,(2) मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डीलक्स क्र **MP** 28 **NC** 6617, (3) मोटरसाइकिल होण्डा साइन क्र **MP** 28 **ZH** 2162,(4) मोटरसाइकिल बजाज पल्सर क्र **MP** 28 **ZJ** 0988, (5) मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर क्र **MP** 22 **MB** 8473, (6) मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस क्र **MP** 04 **X** 3542

### इनकी रही भूमिका

पुलिस टीम चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, प्र.आर. इंद्रजीत, आर. सूरज, आर. गुरमुख आर. इकलेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बीमा कंपनी देगी वाहन मालिक को 17 लाख 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, छिंदवाड़ा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बीमा कंपनी को आदेशित किया है कि वह परिवादी दीपम भोयरकर वाहन मालिक को बीमित वाहन डंफर की चोरी के प्रकरण में 17,25,000/- (सत्रह लाख पच्चीस हज़ार रुपए) क्षतिपूर्ति के रूप में पैंतालीस दिन में अदा करे।इसके साथ ही आयोग ने 5,000/रुपए सेवा में कमी एवं मानसिक क्षतिपूर्ति तथा 2000/– वाद व्यय भी परिवादी को प्रदान करने का आदेश दिया है।आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बीमा कंपनी द्वारा आदेश पालन में देरी किए जाने की स्थिति में, आवेदन की तिथि से पूर्ण भुगतान तक 6% वार्षिक ब्याज भी देय होगा।परिवादी की ओर से यह वाद प्रस्तुत कर पैरवी अधिवक्ता अजय पालीवाल ,छिंदवाड़ा द्वारा की गई, जिसके फलस्वरूप आयोग ने परिवादी के पक्ष में यह न्यायोचित आदेश पारित किया। यह निर्णय उपभोक्ताओं के हितों एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और बीमा कंपनियों द्वारा सेवा प्रदायगी में लापरवाही किए जाने पर स्पष्ट एवं सख्त संदेश देता है। घटना का संक्षिप्त विवरण यह है कि ,परिवादी दीपक भोयर द्वारा वर्ष 2019 में एक डंफर वाहन सांघी ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड परासिया रोड, छिंदवाड़ा, से 31,50,000/– (इकतीस लाख पचास हजार )रुपए में क्रय किया गया था । जिसका पंजीयन क्रमांक एमपी– 22 एच – 5777 था। परिवादी द्वारा अनावेदक बीमा कंपनी द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से उपरोक्त डंपर वाहन का बीमा करवाया गया था । जिसकी बीमा अवधि 8 अप्रैल 2022 से 7 अप्रैल 2023 तक की अर्धरात्रि तक थी। परिवादी का उक्त वाहन डंपर दिनांक 19 मई 2022 के शाम 5 बजे से दिनांक 20 मई 2022 के सुबह 6 बजे के दरमियान ग्राम झंडा रिंग रोड से नितेश बेलबशी के प्लाट से चोरी हो गया था। जिसकी तलाश करने पर वह नहीं मिला था। वाहन के साथ वाहन में रखे दस्तावेज आरसी ,इंश्योरेंस की कॉपी, परमिट एवं फिटनेस भी चोरी हो गए थे । परिवादी द्वारा घटना की लिखित शिकायत दिनांक 31 मई 2022 को की गई थी।

## 2 मरीजों को दिलाई 95 हजार की सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से इलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। सांसद के प्रयासों से दो मरीजों को 95 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत हुई है। इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी।

### दो दिनों से लापता छात्र की तीसरे दिन पुलिस में हुई गुमशुदगी की दर्ज

## एकलव्य विद्यालय का छात्र हुआ लापता, थाने पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के एकलव्य विद्यालय से विद्यार्थी के लापता होने की शिकायत 19 नवम्बर गुरूवार को प्रभारी प्राचार्य संतोष झारिया द्वारा जुन्नारदेव थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी अनुसार जुन्नारदेव नगर के वार्ड क्रमांक 18 में स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय से 17 नवम्बर को कक्षा 07वीं का एक छात्र आशिक पिता जोगी अहाके उम्र लगभग 13 वर्ष निवासी नवेगांव बोमल्या लापता हो गया, किन्तु विद्यालय प्रबंधन सहित बार्डन को भी छात्र के लापता होने की खबर नहीं थी जिससे विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही उजागर हो रही है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि छात्र 11 नवम्बर को चिकित्सा अवकाश लेकर दो दिनों के लिए अपने घर गया था। सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल के बाद पता चला कि छात्र अपनी मां और बहन के साथ 17 नवम्बर को सुबह लगभग 10.52 बजे स्कूल के मुख्य गेट पर एन्ट्री कर अंदर गया था किन्तु लगभग 8 से 10 मिनिट के भीतर ही छात्र पुनः अपने परिजनों के साथ गेट पर बिना एन्ट्री करे गेट से बाहर हो गया उस दौरान गेट पर कोई गार्ड उपस्थित नहीं था, जिसके द्वारा छात्र के जाने की एन्ट्री की गई हो वहीं विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि छात्र अथवा परिजन ने छात्र के आने की सूचना वार्डन अथवा शिक्षकों को नहीं दी थी। छात्र के एक मित्र द्वारा जब 19 नवम्बर की शाम को छात्र का बैग रूम में होने की सूचना दी गई उसके बाद विद्यालय प्रबंधन नींद से जागा।




### गेट पर एकमात्र गार्ड होने से हुआ घटनाक्रम

एकलव्य आवासीय विद्यालय के बालक छात्रावास मुख्य द्वार पर एकमात्र गार्ड कार्यरत है। गार्ड के लघुशंका जाने के दौरान छात्र अथवा परिजन बिना किसी को बताये छात्रावास के बाहर हो गए यदि गार्ड होता तो छात्र को बिना शिक्षक की अनुमति लिए बाहर नहीं जाने दिया जाता वहीं विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि गेट पर एकमात्र गार्ड है जो समय-समय पर सफाई अथवा अन्य कार्य भी करता है इसी के चलते यह घटनाक्रम हुआ है।

### इनका कहना है

वार्डन द्वारा मुझे 19 नवंबर की शाम को छात्र के विद्यालय में उपस्थित न होने संबंधी सूचना दी गई इसके बाद परिजनों से पूछताछ के बाद थाने में छात्र की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई है।

**संतोष झरिया, प्रभारी प्राचार्य**
**एकलव्य आवासीय विद्यालय जुन्नारदेव**

एकलव्य आवासीय विद्यालय से छात्र की गुमशुदगी की शिकायत मिली है मामला कायम कर जांच में लिया गया है।

**राकेश बघेल, थाना प्रभारी जुन्नारदेव**

### काउंसलर की नियुक्ति न होने से बिगड़ रहे हालात

जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित किये जाने वाला एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में काउंसलर की नियुक्ति का प्रावधान बनाया गया है। यह प्रावधान 1 अगस्त 2025 से लागू किया गया है। स्थानीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आज लगभग तीन माह से अधिक अवधि बीत जाने के बावजूद भी काउंसलर की नियुक्ति नहीं होने से बच्चों में अनुशासनहीनता, अवसादपन तथा उनका मानसिक व शारीरिक विकास में बाधा स्पष्ट रूप से दिख रही है। यहां पर काउंसलर की नियुक्ति हो जाने से यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता तो वहीं दूसरी ओर इन छात्र-छात्राओं के मन की बात को जानकर उनकी समस्याओं का समाधान भी किए जाने की कोशिश की जाती, लेकिन काउंसलर की नियुक्ति न होने से यह सभी मामले बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

### मुख्य द्वार पर नहीं है सीसीटीवी कैमरे विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही आई सामने

एकलव्य आवासीय विद्यालय के मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरा ना होना विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही उजागर कर रहा है पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज करने के दौरान परिजन द्वारा कहा गया की बाजार से सामग्री खरीदने के उपरांत दोपहर में छात्र को विद्यालय के मुख्य गेट पर छोड़ा गया था किंतु छात्र के विद्यालय के मुख्य गेट पर होने की कोई भी पुख्ता जानकारी नहीं है वहीं मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरा ना होने के चलते विद्यार्थी का विद्यालय पहुंचना या ना पहुंचना यह संदिग्ध है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक को अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## दोबारा सड़क बनाने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

# सड़क ठेकेदार के घटिया निर्माण की ग्रामीणों ने खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शुक्रवार को गुणवत्ताहींन तरीके से किए गए सड़क निर्माण को लेकर निमनी, कढ़ैया, इंदिरा आवास के ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौपकर सड़क की जांच करने की मांग की। ग्रामीणों की ओर से सोपे गए में बताया कि सौसर से निमनी 5 किमी मेन रोड का निर्माण कार्य 2025 में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत राधे कंट्रक्शन छिंदवाड़ा द्वारा किया गया, जिसकी गारंटी 5 साल कि हैं लेकिन इस रोड के डाबरीकरण और सीसी और पुलिया में लो कॉलेटी का मटेरियल डाला गया है, साथ ही बहुत कम मात्रा में मटेरियल डालकर रोड की लेयर आधा इंच से भी कम बनाई गई है। साथ ही सड़क की साइडिंग भी नही भरी गई है। नाही ही नाली बनाई है।सड़क का निर्माण घटिया



तरीके से किया गया है। बीते दिनों हुई बरसात में सड़क जगह जगह से ख़राब हो गया गड्ढे हो गए मटेरियल बह गया।

कई बार फोन के माध्यम से बताया गया पर ठेकेदार ने एक बात नहीं सुनी कुछ दिन बाद कुछ गड्ढे भरकर रिपेयर किया फिर भी ख़राब हो गया बताने के बाद अभी 4 दिन पहले बुरी तरीके से लिपा पोती कर दिखावे के लिए रिपेयर किया गया जिससे तीनों गांव संतुष्ट नहीं हैं रोड पूरी तरह से ख़राब हो गई है, तीनों गांव के बच्चे सुबह साइकिल से कोचिंग स्कूल जाते हैं, किसान मजदूर जाते है।

घटिया सड़क निर्माण होने के चलते सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़ गए हैं जिसके चलते इस मार्ग से आवागमन करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं कामगारों किसानों एवं महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है,प्रशासन के द्वारा सड़क की जांच कर अनियमित पूर्वक कार्य करने वाले ठेकेदार पर उचित कारवाही कर सड़क से फिर से निर्माण किया जाना चाहिए।

इस दौरान वर्षा विश्राम भोयर, मारोती करोकर, विश्राम भोयर, राजा बोडे, हेमराज सोनेकर,राजेंद्र वाड्स्कर, बालाजी हिवरे, चंद्रकांत वडोले, नारायण बंद सुभाष रंगारे, भगवान रूंधे, ज्ञानेश्वर गावंडेजी, योगेश अम्बाधरे आदि उपस्थित थे।

### सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक



**पांदुर्ना।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष उज्वल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में पांदुर्ना के तहत आनेवाले 4 मंडलों में कबड्डी और क्रिकेट टीमों का विभाजन कर मंडल स्तर पर टीमों को लाए जाने की चर्चा की गई। मंडल स्तर पर ही टीमों की चयन किए जाने बाबत निर्णय लिया गया। अन्य प्रतियोगिताएं जैसे खो-खो, एथलेटिक्स, बास्केट बॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, योगा, कराटे, बोरा दौड और चम्मच दौड आदि खेलों को ब्लॉक स्तर पर कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रशांत दाढे, बीईओ एचबी हांडे, खेल अधिकारी वामन घाटोडे, ब्लॉक प्रभारी खेल सिंह मरकाम, संजय डाबरे, प्रशांत पाटिल, उत्तम सांबारे, संगीता घागरे, अंजली गाढवे, मनोज गुडधे, मनोज कुसराम, संजय इवनाती, सौरभ सोनी, पवन रेवतकर तथा प्रशांत इवनाती उपस्थित रहे। समस्त पीटीआय एवं खेल प्रभारी उपस्थित रहे।

## पंडित रतनचंद भारिल्ल बड़े दादा को समर्पित रहा सहजता दिवस

**छिंदवाड़ा।** 21 नवंबर के शुभ दिन छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व में सर्वोदय अहिंसा एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा जिनशासन सेवक आध्यात्म रत्नाकर आदरणीय बड़े दादा पंडितश्री रतनचंदजी भारिल्ल को समर्पित 6 वां "सहजता दिवस" मनाया गया।इस अवसर पर सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने कहा कि बड़े दादा ने कभी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की किंचित भी कोशिश नहीं की, पर वे शून्यता अथाह गहरी छोड़ गये, किसी की चिंता नहीं की, धन की और धनवान की परवाह नहीं की, उन्होंने जीवन भर ज्ञान बटोरा और ज्ञान ही बाँटा अपनी क़लम से, अपनी वाणी से, और अपने आचरण से। बड़े दादा के विषय में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर एस. पी.भारिल्ल ने कहा कि आदरणीय रतनचंद भारिल्ल जो जीती सरलता/ सहजता/ शांत/ विनम्रता और अध्यात्म की जीती जागती प्रतिमूर्ति थी, जिनका पूरा जीवन ही सहज हो, इसलिए आज पूररे देश एवं दुनिया में उनका जन्म दिवस सहजता दिवस के रूप में मनाया गया।सर्वोदय अहिंसा के राष्ट्रीय संयोजक संजय शास्त्री ने कहा कि उनके जीवन में ना व्यंग था, ना कटाक्ष और ना कोई किसी से कैसी भी अपेक्षा और ना ऐसी कोई द्वेष पूर्ण बेवक़ूफ़ी भरी प्लानिंग कि "अभी ऐसा कर लेते हैं तो इसका ऐसा हो जायेगा" (जिस जुगाड़पंती में हम अक्सर लगे रहते हैं)।किसी भी विकल्प में इतनी ताक़त नहीं थी कि वो उनका पीछा कर सके, या उन्हें उलझा सके और उनकी शांति भंग कर सके। उन्होंने किसी बात की कोई चिंता ही नहीं की, वस्तु व्यवस्था से कोई विरोध नहीं और ना कोई आकाँक्षा। बस जीवन भर वे बहते रहे। 53 साल तक चौबीसो घंटे साक्षी भाव और सहज जीवन की जीती जागती मिसाल थे बड़े दादा। दादा तो चले गये हैं और हम भी कोई अमर होकर नहीं आये हैं देर सवेर जाने ही वाले हैं, चलो हम आज से अपनी जीत और हार की सफलता और असफलता की परिभाषा बदल लें और बहुत नही तो चार कदम बढ़ाने का कोई निर्णय कर लें तभी हम बड़े दादा के उत्तराधिकारी कहला पायेंगे और उनका उत्तराधिकारी बनने का अधिकार तो हरेक को है। उनके ज्ञान और आचरण की दौलत किसी तिजोरी में क़ैद नहीं है वो तो जन जन में बिखरी पड़ी है अतः आईए आज के दिन हम वीतराग देव शास्त्र गुरु की साक्षी में संकल्प लें जिस प्रांत चले भगवंत वही आचरिये।

## स्व. लोकतंत्र सेनानी दादा साहेब का पार्थिव शरीर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ पंचतत्व में विलीन



**पांदुर्ना:** आज यहां नगर के वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी स्व. चंद्रकांत उर्फ दादा साहेब धर्माधिकारी का पार्थिव शरीर स्थानीय मोक्षधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हो गया। यहां उल्लेखनीय है कि स्व. दादासाहेब का स्वास्थ्य बीते कुछ बरसों से ठीक नहीं था। बीते कुछ दिनों से दादासाहेब नागपुर में एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां 92 वर्ष की आयु में 21 नवंबर की सुबह उनका देहावसान हुआ। शासकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंत्येष्टि के दौरान एसडीएम अलका एक्का, डिप्टी कलेक्टर मेघा शर्मा, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव तथा थाना प्रभारी अजय मरकाम मौजूद रहे। अंत्येष्टि में जिले के अनेक भाजपा नेता, कांग्रेस नेता, प्रतिष्ठित नागरिक और अन्य बडी संख्या में मौजूद थे। स्व. दादासाहेब के घर इनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा और अशोक चक्र रखकर अंतिम यात्रा निकाली गई। स्व. दादासाहेब को शवयात्रा निकालने के पूर्व घर पर भी गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्व. दादासाहेब के पुत्र वृंदेश ने बताया कि उनके पिता को 1975 में आपातकाल के दौरान विरोध करने पर जेल जाना पडा था। आपातकाल के बाद सरकार बदलने पर उन्हें लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया गया। स्व. दादासाहेब पांदुर्ना क्षेत्र में जनसंघ के फाउंडर मेंबर रह चुके है। इन्होंने पांदुर्ना में जनसंघ और भाजपा के अनेक पदों पर रहकर जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। स्व. दादासाहेब मॉडर्न एजुकेशन सोसायटी जो आर.डी. शाला और गिरजाबाई शाला संचालित करती है के पर्यंत अध्यक्ष रहे। पांदुर्ना नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष के अलावा यह अपने जीवनकाल में अनगिनत पदों पर रहे है।

# 28 को सौंसर में किसान आक्रोश रैली में आएंगे नकुलनाथ

### सौंसर नगर के बाजार चौक में होगी विशाल आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शुक्रवार आगामी दिनों में सौसर क्षेत्र में होने वाली किसान आक्रोश रैली को लेकर कांग्रेस कार्यालय में बैठक संपन्न हुई है।मिली जानकारी के अनुसार 28 नवंबर को सौसर नगर में कांग्रेस के तत्वाधान में किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सौसर नगर के बाजार चौक में विशाल आमसभा होगी जिसे पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा संबोधित किया जाएगा यही से एक विशाल रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचेगी।कांग्रेस पदाधिकारी से मिली जानकारी के आक्रोश रेली में पूर्व सांसद नकुलनाथ प्रमुख रुप से उपस्थित होकर किसानो की आवाज को बुलंद करेंगे।बैठक में कांग्रेस नेता गंगाप्रसाद तिवारी, विधायक



विजय चौरे,युवराज जिचकार, पुनाराम बाविस्टाले,डॉ.राजेंद्र येमदे, विलास जोगी,टेकचंद बोरिकर, योगिराज उरमाले,राजू चौधरी, लक्ष्मण वाठ,महिला नेत्री रामशिला सूर्यवंशी प्रमुखता से उपस्थित थे।बैठक के दौरान आंदोलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं के द्वारा अपने सुझाव दिए गए, किसान आक्रोश रैली को लेकर विधायक विजय चौरे एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों द्वारा गांव–गांव पहुंचकर किसान भाइयों से मिलकर फसलों के उचित दाम और उनकी अन्य प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करेंगे।कांग्रेस के द्वारा किसानों को कपास का मूल्य 12000 देने मक्का खरीदी के अलावा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौसर में बड़ा आंदोलन करने को लेकर तैयारी की जा रही है। बैठक के दौरान किसान आंदोलन में ग्रामीण क्षेत्र से अधिक से अधिक किसानों युवाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपस्थित करने को लेकर कांग्रेस नेताओं को ग्राम जिम्मेदारियां भी सौंपी गई है।

## सहायक शिक्षा संचालक अचानक पहुंची दो स्कूलों में किया निरीक्षण



**सौंसर।** सौसर शिक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को अचानक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दो शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया, मिली जानकारी के अनुसार सहायक संचालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि कुसरे द्वारा शासकीय हाई स्कूल रझाड़ी पीपला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंधराखेड़ी मैं पहुंच कर स्कूलों की व्यवस्थाएं देखते हुए निरीक्षण किया,शिक्षा अधिकारी रश्मि कुसरे के द्वारा छात्रों का शिक्षण कार्य देखा गया एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने हेतु प्रेरित किया गया साथही उन्हें भविष्य के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए भी मार्गदर्शित किया गया। प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक लेकर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए निर्देशित किया गया।

### 23 से हरदोली में ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**कटंगी।** खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए तिरोड़ी तहसील के हरदोली में आगामी 23 नवंबर से ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता में कटंगी, तिरोड़ी, वारासिवनी, बालाघाट और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र की टीमों ने अपना पंजीयन करवाया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सरपंच रत्नमाला मिरचुले, उपसरपंच धनवंती अनिल बाहेश्वर, सचिव दीपक डहरवाल और सिंधु मिरचुले द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि प्रियांश राउत, मनोज मालाधरे, अंजु शर्मा, टी.डी. देवेश्वर, देवानंद गहाने, राजकुमार गहाने, दिलीप देशमुख, आंनदराव कावड़े, दिलीप गौरे, विशाल डहरवाल, राहुल देशमुख विशिष्ठ अतिथि होंगें। आयोजकों ने खेल प्रेमियों से पहुंचकर प्रतियोगिता का आंनद लेने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की मांग की है।

# लांजी-हैदराबाद बस संचालनः पूर्व विधायक के सवाल उठाने पर थम गये बसों के पहिये

### परिवहन अधिकारी और बस संचालकों पर लगाया था सांठगांठ का आरोप



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सालेटेकरी-दमोह, लांजी से हैदराबाद के लिये टूरिस्ट परमिट पर चलने वाली बसों के पहिये लांजी किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते के बयान के बाद शुक्रवार को अचानक थम गये। जिससे हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि इस मामले में सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बस संचालक इसे कम रेट में ज्यादा दूरी तय करने के कारण नुकसान की बात कहते हुए बसों का संचालन रोकने की बात कह रहे है। जानकारी अनुसार शुक्रवार 21 नवंबर को लांजी से हैदराबाद के लिये मात्र 2 बसों का संचालन प्रारंभ रहा। वहीं दूसरी ओर श्री समरीते ने कहा की यह बाल मजदूरों का आदिवासियों एवं बैगाओं के पलायन से जुड़ा मामला है। सालेटेकरी दमोह से आधा दर्जन बसे, लांजी से एक दर्जन बसें हैदराबाद के चल रही है। जो बिना रूट परमिट के चल रही है अगर इनके पास परमिट है तो यह बसे उस परमिट की प्रक्रिया के तहत संचालित हो। परंतु सालेटेकरी दमोह लांजी से होते हुए हैदराबाद के लिये जो बसे चल रही है वह नियम विरूद्ध चल रही है इस रूट पर जो बसें संचालित हो रही है वह टूरिस्ट परमिट पर चल रही है जिसमें नियमानुसार जो यात्री यहां से जाएंगे वही यात्री वापस भी आएंगे जिससे शासन को नियम से प्रति यात्री टैक्स प्राप्त होगा परंतु यहां आरटीओ अधिकारी को प्रति बस दस हजार रूपये देकर मवेशियों की तरह यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर डेढ़ डेढ़ सौ की संख्या में ले जाया जा रहा है और वहां से अलग 150 से अधिक पैसेंजरों को लाया जा रहा है जो टूरिस्ट परमिट का खुला उल्लंघन है। जिससे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को भी क्षति हो रही है और म.प्र. शासन को भी क्षति हो रही है। तीन राज्यों से बस संचालकों को बस चलाना है जिससे इन्हें तीनो राज्यों को टैक्स जमा करना है और तीनों राज्यों की एनओसी चाहिए परंतु न तो इन बस संचालकों के पास तीनो राज्यों के टैक्स जमा करने की स्लिप है न तीनों राज्यों की बस संचालन की एनओसी है। सिर्फ और सिर्फ बस संचालकों द्वारा बालाघाट, गोंदिया, तेलंगाना और हैदराबाद के आरटीओ को पैसा खिलाकर नियम विरूद्ध बस का संचालन किया जा रहा है।



**परिवहन अधिकारी की हो संपत्ति की जांचः** श्री समरीते ने अपने जारी बयान में कहा की बालाघाट आरटीओ अधिकारी अनिमेष गढ़पाले काफी वर्षो से यहां पदस्थ है जिनके द्वारा इन परमिटों के नाम पर उनके द्वारा अब तक जमकर धन उगाही की गई है इसके अलावा सालेटेकरी, बोनकट्टा, रजेगांव इन नाकों से भी इनके द्वारा भारी वसूली की जा रही है। इसके अलावा आरटीओ अधिकारी ने अपनी पदस्थापना के बाद से आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर ली है जिसकी भी जांच की जाना आवश्यक है। तथा बरघाट से लेकर बालाघाट जिले में कितनी संपत्ति अभी तक बनाई गई है उसकी जांच की जाए। आरटीओ अधिकारी का यह गोरख धंधा इसलिये भी फल फूल रहा है क्योंकी प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को इनके द्वारा समय पर चढ़ोत्तरी चढ़ाई जा रही है जिससे इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। श्री समरीते ने कहा की आरटीओ अधिकारी द्वारा अपनी पदस्थापना से लेकर अब तक लगभग 50 हजार से अधिक टूरिस्ट परमिट जारी कर दिये गये है इन परमिट के माध्यम से आप डेली बस का संचालन नहीं कर सकते है यह नियम विरूद्ध कार्य हैं। बस संचालकों द्वारा चालाकी दिखाते हुए महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, म.प्र. राज्यों से लगातार करोड़ों रूपये की टैक्स चोरी की गई है जिसकी सीबीआई जांच कराकर बसों को जब्त कर संचालकों के साथ-साथ परिवहन अधिकारी को जेल भेज देना चाहिए ।

**बिना अनुमति के चल रहे 100 से अधिक चौपहिया वाहनः** उन्होने कहा परिवहन कार्यालय द्वारा आल इंडिया परमिट कैसे जारी किये गये, टूरिस्ट परमिट कैसे जारी किये गये, नेशनल परमिट कैसे जारी किये गये। इसके अलावा क्षेत्र में लगभग 100 से अधिक चौपहिया वाहन चल रहे है जो बिना किसी परमिशन के इस मार्ग पर दौड़ रहे है। इनसे हाईकोर्ट ने परमिट जारी करने अधिकार छीन लिया है जिस कारण इन्होने जबलपुर के डिप्टी कमिश्नर द्वारा आरटीओ बालाघाट के रिकमेंट पर जारी किये जा रहे हैं। मौजूदा समय से लेकर पिछले काफी समय से अवैध बसों का संचालन किया जा रहा है परंतु इनके द्वारा अब तक कोई निरीक्षण या छापेमारी नहीं की जाती, किसी को नोटिस नहीं दिया। इसका मतलब यह तो नहीं की राज्य सरकार ने आरटीओ को धन उगाही का लाईसेंस जारी कर दिया। श्री समरीते ने कहा की अगर इस मामले में जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो मेरे द्वारा इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की जाएगी परंतु किसी भी तरह के अवैध कार्यो को होने नहीं दिया जाएगा।

श्री समरीते ने कहा की हैदराबाद जाने वाले अधिकतर पैसेंजर मजदूर वर्ग के होते है और कम पढ़े लिखे होने के कारण बस संचालकों के शोषण का शिकार हो रहे है। उन्होने कहा सालेटेकरी-दमोह, लांजी से हैदराबाद चलने वाली सभी अवैध बसों को जब्त किया जाना चाहिए। क्योंकि इन बसों में जिस तरह से सवारियों को ले जाया जा रहा है वह काफी निंदनीय है यात्रियो के साथ इनकी अभद्रता जगजाहिर है इसका मुख्य कारण यह है की मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसकी खुद की कोई ट्रांसपोर्ट सेवा नहीं है जिसका फायदा निजी बस संचालक उठा रहे है। मेरा कहना है की आप व्यापार करें कारोबार करें परंतु नियम से बाहर जाकर नहीं।



### शंकरसाव पटेल महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 21 नवम्बर 2025 को महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में किया गया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नैतिक, चारित्रिक एवं सांस्कृतिक चेतना का नव निर्माण करना था। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन हेतु जी0 एस0 बिसेन गायत्री परिवार तहसील समन्वयक का मुख्य योगदान रहा। परीक्षा सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के प्राध्यापक कृष्णा पराते, नरेन्द्र डोंगरे, श्रीमती सरिता नागवंशी, श्रीमती विनिता देशमुख, श्रीमती रश्मिबाला पारधी, श्रीमती शिल्पा वासनिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संयोजक डॉ0 रक्षा निकोसे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

## ग्रामीणों ने थाने और एसडीएम कार्यालय में की शिकायत

# आदिवासी समाज के चंद परिवारों और सकल समाज के बीच चल रहा द्वंद

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत वरूड़ में आदिवासी समाज के चंद परिवारों के सदस्यों और सकल समाज के ग्रामीणों के बीच करीब 06 माह से लगातार द्वंद की स्थिति बनी हुई है। बीते दिनों गांव में मेले के आयोजन के बाद से यह द्वंद और अधिक बढ़ गया है। दरअसल, मेला आयोजन समिति ने गांव में मेले की व्यवस्था और आयोजन को लेकर चंदा वसूली की। जिसमें आदिवासी समाज के परिवारों के द्वारा सहयोग नहीं किया गया और गांव के स्वजातीयजनों को भी सहयोग ना करने के लिए प्रेरित किया गया। जिन आदिवासी परिवारों ने मेले के आयोजन में आर्थिक सहयोग प्रदान किया ऐसे स्वजातीयजनों को कथित तौर पर समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है। वहीं गांव के रोहित पटेल को रूढ़ी प्रथा के तहत आदिवासी समाज द्वारा नोटिस जारी किए जाने से तनाव की स्थिति और अधिक बढ़ गई है। गांव के सकल समाज का यह आरोप है कि आदिवासी समाज के चंद परिवार के कुछ सदस्य लगातार गांव का सामाजिक माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे है। इन लोगों की हरकत से तंग होकर शुक्रवार की दोपहर 03 बजे सकल समाज ने कटंगी थाने और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राजेश



मड़ावी, अजय मड़ावी, महेश भलावी और फुलचंद भलावी की शिकायत की है। इन पर गांव का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

दरअसल, वरूड़ में आदिवासी समाज के चंद लोगों और सकल समाज के बीच द्वंद की एक बड़ी वजह रूढ़ी प्रथा पटेल सरकार है। जिसके तहत आदिवासी समाज के लोग ग्रामीणों को नोटिस थमा रहे है और सरकारी भूमि या निजी भूमि पर निर्माण से पहले आदिवासी समाज से अनुमति लेने की बात कहते है। जानकार बताते है कि संविधान के अनुच्छेद 13-3-क के तहत भारत के अनुसूचित क्षेत्र में विधि का बल रखने वाली रूढ़ी प्रथा है। यह कटंगी में लागू नहीं है बावजूद इसके रुढ़ी प्रथा के नाम पर ग्रामीणों को नोटिस थमाया जाना अनुचित है। बता दें कि आदिवासी समाज के लोग पुरखौती स्वशासन व्यवस्था का हवाला देते हुए ग्रामीणों को नोटिस थमा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासी समुदाय के चंद लोग ग्रामीणों को इस तरह से भड़का रहे है कि कि ग्राम पंचायत द्वारा जो भी टैक्स लगाये जाते है ऐसे टैक्स का भुगतान नहीं करना है गांव में जितने भी शासकीय भवन है। वह आदिवासी समुदाय के अधीन होंगे।

शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने बताया कि राजेश मड़ावी, अजय मड़ावी, महेश भलावी और फुलचंद भलावी गांव में कहते है कि हम संविधान और सनातन धर्म को नहीं मानते। वह लोग गांव के भोले-भाले गोवारी समाज के लोगों को भी भड़काने का काम कर रहे है। वह कृषि कार्य के लिए पूर्वजों के जमाने से चली आ रही रास्ता को रोका जा रहा है। जिस कारण कृषि कार्य करने में बाधाएं उत्पन्न होती है। ग्रामीणों की माने तो आदिवासी समुदाय के लोग एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत फंसा देने की भी धमकी देते है। छन्नूलालb परते ने बताया कि गांव के स्वजातीय जनों ने उनका और उनके जैसे ही चार परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर रखा है। उन्हें सामाजिक आयोजनों में भी नहीं बुलाया जाता।

## 23 नवम्बर को होगा भंडारा व भजन कीर्तन

# सत्य सांई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष पर हो रहे विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी जन्म समारोह मनाया जा रहा है, जिसमें 13 से 24 नवंबर तक 140 से अधिक देशों के भक्त भाग ले रहे हैं।

इसी कड़ी में वारासिवनी सत्य साई सेवा संगठन के द्वारा भी बाबा का 100 वॉ जन्म दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री सत्य सॉई सेवा समिति वारासिवनी संयोजक विजय दुबे ने जानकारी दी कि समिति द्वारा भगवान श्री सत्य सॉई बाबा का जन्मशताब्दी महोत्सव, सॉई सप्ताह के रूप में 17 नवम्बर 2025 से 23 नवम्बर 2025 तक वार्ड नंबर 4 पुराने बिजली ऑफिस के पीछे स्थित श्री सत्य सॉई सेवा केंद्र में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें 17 नवम्बर 2025 से 22 नवम्ब्र 2025 तक ओमकारम, सुप्रभातम्,ज्योति ध्यान एवं नगर संकीर्तन प्रातः साढ़े 5 बजे से, सायं कालीन कार्यक्रम साढ़े 6 बजे से साढ़े 8 बजे तक सॉई कथा, वार्ता, भजन एवं मंगल आरती की जा रही है। 19 नवम्बर 2025 को सायंकालीन कार्यक्रम, महिला दिवस 5 से 6 बजे तक संपन्न हुआ। जिसमें महिलाओं ने विभिन्न विषयों पर



चर्चा में भाग लिया।

रविवार 23 नवम्बर 2025 को भगवान श्री सत्य सॉई बाबा का जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर नारायण सेवा भण्डारा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक, शाम सवा 6 बजे से साढ़े 9 बजे तक भजन, भगवान बाबा के चमत्कार एवं जन्म की कथा, संगठन के बारे में जानकारी, महामंगल आरती एवं महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

इस अवसर पर सभी भक्तों से 23 नवंबर को शाम साढ़े 6 बजे से वार्ड नंबर 4 पुराने बिजली ऑफिस के पीछे श्री सत्य सांई सेवा संगठन केंद्र में अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की समिति ने अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## स्टेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नगरपालिकाओं की फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 के संदर्भ में शुक्रवार 21 नवंबर को स्टेंडिंग कमेटी बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सीएल चनाप की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जारी कार्यक्रमानुसार जिले के नगरीय निकाय की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया तथा इसकी जानकारीमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। शुक्रवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में जिले के पांचों नगरीय निकायों के 84 वार्डों के 201 मतदान केंद्रों में कुल 01 लाख 45 हजार 72 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 71 हजार 598 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 73 हजार 465 एवं 09अन्य मतदाता शामिल हैं। निकायवार स्थिति निम्नानुसार है- सिवनी नगरपालिका क्षेत्र के 24 वार्डों के 118 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 42 हजार 461, महिला मतदाताओं की संख्या 43 हजार 695 एवं 04 अन्य मतदाता सहित कुल 86 हजार 160 मतदाता शामिल हैं। नगर परिषद बरघाट क्षेत्र के 15वार्डों के 16 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 04 हजार 937, महिला मतदाताओं की संख्या 05 हजार 331 एवं 02 अन्य मतदाता सहित कुल 10 हजार 270 मतदाता शामिल हैं। नगरपरिषद छपारा क्षेत्र के 15 वार्डों के 25 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 08 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 08 हजार 531 एवं 01 अन्य मतदाता सहित कुल 16 हजार 838 मतदाता शामिल हैं। नगरपरिषद केवलारी क्षेत्र के 15 वार्डों के 23 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 8 हजार 873, महिला मतदाताओं की संख्या 08 हजार 765 सहित कुल 17 हजार 638 मतदाता शामिल हैं। इस तरह नगरपरिषद लखनादौन क्षेत्र के 15 वार्डों के 19 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 07 हजार 21, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 143 एवं 02 अन्य मतदाता सहित कुल 14 हजार 166 मतदाता शामिल हैं।

# हत्या के चश्मदीद साक्षी मुकरे फिर भी हुई आजीवन कारावास की सजा

**हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।**

जिला सिवनी के लखनादौन तहसील के आदेगांव थाना के अंतर्गत निर्मम हत्या का यह मामला ग्राम भंडारदेव का है। दिनांक 23.03.2024 को आरोपी आदेश टेकाम निवासी भंडारदेव के घर के सभी सदस्य खेत पर थे। घर में उसकी भतीजी अनुराधा एवम दीप्ति और उसकी पत्नी राजकुमारी ही थी। दोपहर करीब 4.00 बजे तीनों हंसी मजाक कर रहे थे और हस रहे थे , इसी बात को लेकर आदेश टेकाम अपनी पत्नी राजकुमारी को बोला कि तुम मुझ पर क्यों हंस रही हो, तब वह बोली हम तुम पर नहीं हंस रहे हैं। उसके बाद भी आरोपी आदेश ने राजकुमारी से कहा की तुम लोग मुझ पर हंस रही थी तब राजकुमारी ने बोला कि अनुराधा गिर गयी थी, इसलिए हंस रहे थे, और तभी आदेश ने अनुराधा से कहा की चाची को मार दूं तब उसने कहा नहीं मारो, तो चाचा आदेश ने कहा तुम दोनों चले जाओ नहीं तो चाची को मार दूंगा तब अनुराधा और दीप्ति वहा से छप्पर में आ गए तो , तभी राजकुमारी की चीख सुनाई दी तो दीप्ति और अनुराधा वहा गए तब तक , आदेश ने राजकुमारी के सिर में फावड़े से मार दिया था राजकुमारी खून से लतफत पड़ी थी और आदेश टेकाम के हाथ में फावड़ा लिये हुए थे जिसमे खून लगा हुवा था इन्होंने आदेश से फावड़ा छुड़ाया , राजकुमारी के सिर, हाथों में चोट थी व खून बह रहा था। मौके पर अखिलेश आदेश का छोटा भाई आया और 108 एम्बुलेंश को बुलाया और मृतिका राजकुमारी को इलाज के लिए लखनादौन अस्पताल ले गये। उक्त घटना के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना आदेगांव में अपराध क. 71/2024 धारा 307,302 भा.दं.वि. कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरान्त अभियोगपत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से श्रीमति कीर्ति तिवारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लखनादौन के द्वारा पैरवी की गई और विधिक तर्क प्रस्तुत किये गये। सुनवाई के दौरान आरोपी महत्वपूर्ण और चश्मदीद गवाह दीप्ति और अनुराधा घटना होने से मुकर गए और नई कहानी बताई की, की छत से गिरने से राजकुमारी को चोट आई थी बताए थे और घटना से मुकर गए थे । परंतु उसके बावजूद भी माननीय न्यायालय श्रीमान संजीव कुमार पालीवाल ,प्रथम अपर सत्र न्यायधीश ,लखनादौन द्वारा अभिलेख पर आई परिस्थितिजन्य और वैज्ञानिक साक्ष्य का सूक्ष्मता से विश्लेषण कर आरोपी के दोषी होने का निष्कर्ष निकालते हुए आरोपी को हत्या का दोषी पाए जाने का अद्वितीय निर्णय दिया है । जो इस सिद्धांत पर आधारित है की व्यक्ति झूठ बोल सकता है परंतु परिस्थितिया नहीं । माननीय न्यायालय द्वारा धारा 302 भादवि में अभियुक्त आदेश टेकाम को आजीवन कारावास एवं 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंण्डित किया गया।



# सेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों ने बिखेरा हुनर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल परिसर में बाल दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ और लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक में बाल अधिकारों और शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों का विशेष महत्व है। अंत में बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल में मनाया गया यह बाल दिवस कार्यक्रम बच्चों के लिए यादगार और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## आज सिवनी आएंगे प्रवीण भाई तोगडिय़ा, हिंदू महासम्मेलन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर में समय 2 बजे दोपहर से 4 बजे तक राशि लॉन, बारापत्थर सिवनी में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हे जिसमें संगठन प्रमुख राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दु हृदय सम्राट डॉ. प्रवीण भाई तोगडिय़ा जी का प्रखर उद्बोधन हिंदु ही आगे हिंदु एकता जैसे विषयों पर रहेगा।

जिला अध्यक्ष ने समस्त नागरिकों से विनम्र अनुरोध हे कि कि कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर इस जनहितकारी कार्य को अधिक से अधिक लोगो तक पहुँचाने में सहयोग करे।

# धनौरा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, ताले तोडक़र नगदी और अन्य सामग्री लेकर

सिवनी जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के बाजार चौक में गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाया। चोर ताले तोडक़र नगदी और अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए। चोरों ने शराब दुकान, मोबाइल दुकान और चाय-पान की दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों के ताले तोड़े।





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शराब दुकान से बोतलें और काउंटर में रखी नकदी चुराई गई, जबकि मोबाइल दुकान से मोबाइल फोन और अन्य दुकानों से भी नकदी और सामान की चोरी हुई। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे, तो उन्हें ताले टूटे मिले और अंदर से नकदी और कई सामग्री गायब थी। दुकानदारों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुकानों से कुल कितने का नुकसान हुआ है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। घटना के कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।

### संदिग्ध से पूछताछ

धनौरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ ने बताया कि कुछ दुकानों में चोरी की सूचना मिली थी। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि चोरी में कितने लोग शामिल थे।



# बाघ के हमले से 55 वर्षीय व्यक्ति घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रमली में गुरुवार की शाम को एक चरवाहा को बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। बाघ के द्वारा किया जा रहा इस प्रकार का हमला इन दोनों काफी बढ़ गया है। इंसानों पर हो रहे हमले से ग्रामवासियों में दहशत बनी हुई है। वहीं आसपास के ग्रामवासियों ने मांग किया है कि उक्त क्षेत्र में फेंसिंग कार्य किया जाए। दक्षिण सामान्य वनमंडल के वन परिक्षेत्र कुरई में बाघ के हमले से चरवाह गंभीर रूप से घायल हो गया। वन परिक्षेत्र कुरई के रेंजर राहुल घारू ने बताया कि गुरुवार की शाम को पिपरिया बीट के ग्राम रमली कंपाउंड नंबर पीएफ 264 में रमली निवासी चरवाहा रतन (65) पिता तलसीराम अडंबे ग्वाली मवेशी चराते हुए जंगल चला गया। उस पर बाघ ने हमला कर दिया। चरवाहा की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होने देखा की रतन को बाघ घसीटते हुए ले जा रहा है। ग्रामीणों को देख बाघ उसे छोडकर वहां से चला गया। सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचा। घायल को कुरई स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि रतन खेत में मवेशी चरा रहा था, तभी उस पर बाघ ने हमला कर घसीटते हुए जंगल क्षेत्र में ले गया। फिलहाल वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल क्षेत्र में न जाने की अपील कर सुरक्षा की दृष्टि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर गश्त कर रही है।

### पूर्व में हो घटित हो चुकी है घटनाएं

कुरई क्षेत्र में पूर्व में बाघ के हमले से कई लोगों के घायल होने व जान जाने की घटनाएं घटित हो चुकी है, जिस पर वन विभाग द्वारा कुछ बाघ का रेस्क्यू कर उन्हें अन्यंत्र जगह भेजा जा चुका है। कुरई क्षेत्र में बाघ के आए दिन हो रहे हमले से ग्रामीण अत्यधिक परेशान हैं। उन्होंने घटनाओं पर अंकुष्ठ लगाने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में धान की कटाई भी चल रही है और ग्रामीण दहशत में भी है। ग्रामीणों का कहना है कि अक्सर बाघ जंगल से गांव की ओर आ जाते हैं। इससे दहशत बन जाती है। बाघ द्वारा इंसान पर किए गए इस प्रकार के हमले से गांव में दहशत बनी हुई है। वहीं ग्रामवासियों ने पीड़ित परिवार को शीघ्र ही उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है।



## चार बार चुनाव लड़ चुके पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिय़ा का नाम 2003 की वोटर लिस्ट से रहस्यमयी तरीके से हुआ गायब

**सिवनी।** बरघाट विधानसभा के राजनीतिक इतिहास में लगातार 2003, 2013, 2018 और 2023 चार बार चुनाव लड़ चुके पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिय़ा का नाम 2003 की वोटर लिस्ट से रहस्यमयी तरीके से गायब पाया गया है। सबसे हैरान करने वाली बात निर्वाचन अधिकारियों से शिकायत के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ने कहाःअगर एक पूर्व विधायक का नाम वोटर लिस्ट से गायब हो सकता है, तो आम जनता का क्या हाल होगा? यह सिर्फ मेरा मामला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सुरक्षा का सवाल है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत मुद्दा न मानते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला है और मीडिया और जनता से जागरूकता बढ़ाने की अपील की। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी केवल एक गलती नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। सवाल यह है जिन्होंने 20 साल से चुनाव लड़ा, उनका नाम कैसे गायब हो गया? और बड़ा सवालकितने और नागरिकों के नाम इस तरह हटाए गए होंगे?

## "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला पंचायत सभागृह में आज "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली शाह, भारतीय रिजर्व बैंक से श्री धीरज गुप्ता, लीड बैंक अधिकारी श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया, भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के मुख्य प्रबंधक श्री आशीष मित्तल, एसबीआई सिवनी शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री सहशिकांत कलसुले सहित विभिन्न बैंकों एवं शासकीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में DEAF (Depositor Education and Awareness Fund) से संबंधित समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में कुल 1,11,082 खाते DEAF श्रेणी में परिवर्तित हैं, जिनमें से लगभग 3600 खाते शासकीय विभागों के हैं और लंबे समय से निष्क्रिय स्थिति में हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी विभागों को बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय कर निष्क्रिय खातों को शीघ्र सक्रिय कराने के निर्देश दिए। भारतीय रिजर्व बैंक के श्री धीरज गुप्ता ने सभी बैंकों को उच्च राशि वाले निष्क्रिय खातों की विभागवार सूची तैयार कर लीड बैंक के माध्यम से संबंधित विभागों के साथ साझा करने के निर्देश दिए। उद्गम (UDGAM) पोर्टल पर चर्चा बैठक में उद्गम (UDGAM) पोर्टल को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर महोदया ने अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक नागरिकों तक इसकी जानकारी पहुँचाई जाए। ताकि नागरिक अपनी जमा राशियों को क्लेम कर सकें। उद्गम (UDGAM) का तात्पर्य Unclaimed Deposits – Gateway to Access Information है। यह आरबीआई द्वारा विकसित एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल है, जहाँ पंजीकृत उपयोगकर्ता एक ही स्थान पर कई बैंकों में मौजूद अदावी जमा/निष्क्रिय खातों की खोज कर सकते हैं। सभी अदावी जमाराशियाँ और वे खाते जो जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता (DEA) निधि का हिस्सा हैं, उन्हें उद्गम पोर्टल के माध्यम से खोजा जा सकता है। उपयोगकर्ता अपना नाम व मोबाइल नंबर देकर पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। इसके बाद वे अपने नाम से जुड़े अदावी खातों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के अंत में कलेक्टर श्रीमती पटले ने पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (02 खाते), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अस्पताल सिवनी (01 खाता), तथा कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विभाग सिवनी (01 खाता) के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र एवं पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया।इन अधिकारियों ने संबंधित DEAF खातों को सक्रिय कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# मंडी में मक्के के दाम सुनकर किसानों की आंखों से बह रहे आंसू : रंजीत बघेल

## 1400 से 1500 रूपये प्रतिक्विंटल मक्का बेचकर किसान की नहीं निकल पा रही लागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इन दिनों मंडी में जिस तरह से मक्का की कम कीमत में बोली लगाई जा रही है उसे सुनकर किसानों की अंतरात्मा से होकर आंसू आंखों से झलकने लगे है। किसानों का दर्द ना ही प्रदेश की सत्ता में बैठी किसान हितैषी भाजपा की डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार को दिखाई नहीं दे रहा है। उक्ताशय की बात जारी प्रेस विज्ञप्ति में राहुल गांधी विचार मंच के जिला अध्यक्ष एवं किसान नेता रंजीत बघेल के द्वारा कहीं गई।

श्री बघेल ने कहा कि एक ओर वैसे ही किसान मौसम की मार से परेशान रहा है तो वहीं दूसरी ओर मक्का के दाम नही मिलने से किसानों की मुसीबत बढ़ गयी है। कृषि कार्य की लागत दिनों दिन बढ़ती जा रही है लेकिन जब किसानों की उपज आती है तो उन्हे उसके सहीं दाम नहीं मिल पाने से खेती करना घाटे का सौदा साबित हो रही है। क्योकि वर्तमान समय में किसानों के द्वारा 120 से 250 रूपये प्रतिकिलों के दाम से मक्का का बीज खरीदकर खेत में बोया गया, बीज के साथ महंगे दामों में खरीदकर डीएपी, यूरिया खाद डाली गई, रोगों से बचाने के लिए महंगी-महंगी दवाओं का छिड़काव किया गया और अंत में जब मक्का की तुड़ाई का समय आया तो बारिश होने पर महंगी मजदूरी देकर भुट्टे की तुड़ाई करानी पड़ी और फिर उसे सुखाने के बाद उसकी गहानी करके पुनः उसे सुखाने के बाद उसे वह बाजार में लेकर पहुंचा।

इस तरह से लगातार मक्का की खेती में लागत बढ़ते जा रही है। एक समय था जब सरकार के द्वारा मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए भांवान्तर योजना लायी गई और लगभग दो से तीन वर्षों तक मक्का की खरीदी पर समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य के बीच के अंतर को किसानों को सीधे उनके खाते में भांवान्तर राशि की रूप में प्रदान किया गया। जिसके बाद से लगातार मक्का की खेती का रकबा बढ़ते गया। समय के साथ मक्का की खेती लागत भी बढ़ते ही जा रही है। हालात यह है कि लागत लगा-लगाकर किसान आर्थिक रूप से टूट रहा है। इतना ही नहीं शासन के पराली नहीं जलाने के आदेश और किसानों पर चलानी कार्यवाही करने के कारण डरा-सहमा किसान पलारी को नहीं डलाकर खेत में ही मक्का के अवशेषों को मिट्टी में मिलाने के लिए मलचर, रोटावेटर चलाकर जुताई कर रहा है जिससे उसकी लागत में तीन गुनी वृद्धि हो गई है।

श्री बघेल ने आगे कहा कि किसानों के द्वारा जब अपनी उपज मक्का को बेचने के लिए मंडी में ले जाया जा रहा है तो अच्छी सूखी हुई मक्का की बोली व्यापारियों के द्वारा 1400 से 1500 रूपये लगाई जा रही है, जबकि सरकार के द्वारा निर्धारित मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रूपये है, लेकिन मंडियों में खरीदी सिर्फ 1400 से 1500 रूपये में हो रही है। रबी फसल की बोवनी का कार्य चल रहा है रबी फसल की बोवनी हेतु बीज खरीदने, सिंचाई संसाधन जुटाने सहित घर-परिवार में शादी-विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों में रूपये की जरूरत को देखते हुए किसान बड़ी सं या में मंडी मक्का लेकर बेचने के लिए पहुंच रहा है और वहां पर 1400 से 1500 रूपये में व्यापारियों को मजबूरन अपनी मक्का बेचकर अपने-आपको ठंगा महसूस कर रहा है। जिस दाम में इन दिनों मक्का की खरीदी मंडी में किसानों से हो रही है उससे किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। रंजीत बघेल ने कहा कि सरकार को किसानों की पीड़ा को समझते हुए निर्धारित न्यूनत्तम समर्थन मूल्य 2400 रूपये प्रतिक्विंटल की दर से बाजार एवं मंडियों में मक्का की खरीदी सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाये या फिर किसानों को अन्य मोटे आनाजों की खरीदी की तरह मक्का को भी भावान्तर योजना में शामिल कर भावान्तर की राशि प्रदान की जाये। ताकि किसानों को हो रहे घाटे से मुक्ति दिलायी जा सके।

# जेईई एवं नीट की निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

**सिवनी।** जिले में होनहार एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में जेईई एवं नीट की निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ शुक्रवार 21 नवंबर 2025 को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के हस्ते किया गया। कार्यक्रम से जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े, वहीं अनेक विद्यालयों के कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी अपने-अपने विद्यालयों में लगे टीवी पर यूट्यूब लाइव के जरिये कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े। प्राचार्य महेश गौतम ने बताया कि यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगी जो आर्थिक स्थिति या संसाधनों की कमी के कारण कोचिंग प्राप्त नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि जिले में कई ऐसे विद्यालय हैं जहाँ सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा पहुँचाना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। भविष्य में इस कोचिंग के दायरे का विस्तार करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं, सामान्य ज्ञान, गणित की बारीकियाँ, अंग्रेजी, हिंदी लेखन, तार्किक प्रश्न एवं ब्लॉक-बेस्ड प्रोग्रामिंग जैसे विषयों के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। कोचिंग की कक्षाओं का सीधा प्रसारण उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के स्टूडियो रूम से यूट्यूब लाइव पर किया जाएगा। 22 नवंबर 2025 से प्रतिदिन शाम 3:45 से 4:45 बजे तक एक घंटे की कक्षाएं संचालित होंगी। अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए जेईई एवं नीट पैटर्न पर आधारित ऑनलाइन मॉक टेस्ट प्रत्येक सप्ताह आयोजित किए जाएंगे। इंदौर के एक संस्थान द्वारा इन मॉक टेस्ट के लिए निःशुल्क सहयोग प्रदान किया जा रहा है। छात्रों को परीक्षा के बाद प्राप्तांक और प्रश्नों के समाधान तुरंत उनके मोबाइल या कंप्यूटर पर उपलब्ध होंगे। विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु कोचिंग पुस्तकों के सेट क्रय किए गए हैं। साथ ही, संवाद कुंज के संपादक हिमांशु कौशल द्वारा पुस्तकों का एक संपूर्ण सेट दान दिया गया, जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन ने आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य का स्पष्ट निर्धारण करें। उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता दोनों जीवन का हिस्सा हैं, और असफलता को अंत नहीं समझना चाहिए। आधार कार्ड के जनक नंदन नीलेकणी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में प्रारंभिक असफलता आगे की सफलता के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स, आत्मविश्वास तथा तार्किक सोच विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को यह सोच बनानी चाहिए—"मैं अपने जीवन के लिए अच्छा करूंगा", क्योंकि विद्यार्थी का विकास ही परिवार और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। कार्यक्रम में कोचिंग प्रदान करने वाले शिक्षक—श्री मनोज सनोडिया, विजय ठाकुर, राम ठाकुर, संतकुमार सेन, ताराचंद चंदवंशी, कल्याणा भार्गव, किरण धुर्वे, महेंद्र सोनवाने, मयंक परिहार, साक्षी बोरकर, अंकित टेम्हरे एवं त्रवेंद्र राहंगडाले उपस्थित रहे।

## शास्त्री वार्ड में विशेष गहन पुनरिक्षण 2025 संबंधित बैठक सम्पन्न



**सिवनी।** नगर के शास्त्री वार्ड बबरिया में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अभियान संबंधी महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जन जागरूकता लाने एवं एस आई आर मे आ रही कठिनाइयों के विषय में चर्चा की गई जिसमे उत्तर मंडल के अंतर्गत शास्त्री वार्ड के बूथ क्र. 199, 200, 201, 202, एवं 203 के बूथ अध्यक्ष एवं बूथ के बी एल ए को पार्टी की ओर से अपने अपने बूथ मे सहयोग करने हेतु बताया गया।

बैठक में उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद अलकेश रजक जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया एवं सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि सभी लोग अपने स्तर से पुनरीक्षण के कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें बैठक का संचालन भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनोज गौतम ने किया एवं आभार प्रकट भाजपा उत्तर मंडल कोषध्यक्ष रुपेश गहलोत द्वारा किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से वीरेंद्र श्रीवास्तव, श्याम हरिन्दरवार , देवेंद्र दिनेश गहलोत, आशीष सोनी, पत्रकार राकेश मालवीय , रामकिशोर यादव, सन्देश बास्सा, रत्नेश चौधरी, वीरू तिवारी , जीतेन्द्र मालवीय, अनिल रजक ,अतुल मिश्रा, संजय बघेल जी संजय मंडल वार्ड में कार्य कर रहे विशाल देशमुख सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पालिका भोलेनाथ शिव बी एल ओ बाबरिया उपस्थित रहे।

### 57 प्रतिशत गणना पत्रकों का हुआ डिजिटलाईजेशन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में आयी तेजी

## बैहर विधानसभा में सबसे अधिक 71 प्रतिशत डिजिटलाईजेशन पूर्ण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मृणाल मीना द्वारा की जा रही नियमित समीक्षा से जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (SIR–2026) कार्य को गति मिल रही है और 21 नवंबर की शाम तक कुल 57 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाईजेशन पूरा हो चुका है। जिले के कुल 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं में से 7 लाख 70 हजार 415 मतदाताओं के गणना पत्रक अब तक पोर्टल पर अपलोड किए जाकर डिजिटलाईज्ड किए जा चुके हैं।

**बैहर विधानसभा में सबसे अधिक 71 प्रतिशत डिजिटलाईजेशन पूर्ण**

जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में सबसे बेहतर प्रदर्शन बैहर विधानसभा का है, जहाँ 71 प्रतिशत डिजिटलाईजेशन पूरा कर लिया गया है। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र वारासिवनी में 61 प्रतिशत, लांजी में 54 प्रतिशत, परसवाड़ा में 53 प्रतिशत, कटंगी में 51 प्रतिशत और बालाघाट विधानसभा में 50 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटलाइज्ड हुए हैं। जिले के कुल 1,675 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा यह कार्य लगातार किया जा रहा है।



विधानसभा क्षेत्र बैहर के 321 मतदान केंद्रो के बीएलओ द्वारा 01 लाख 66 हजार 660, वारासिवनी के 237 मतदान केंद्रो के बीएलओ द्वारा 01 लाख 26 हजार 50, लांजी के 294 मतदान केंद्रो के बीएलओ द्वारा 01 लाख 35 हजार 650, परसवाड़ा के 298 मतदान केंद्रो के बीएलओ द्वारा 01 लाख 21 हजार, कटंगी के 249 मतदान केंद्रो के बीएलओ द्वारा 01 लाख 03 हजार 300 एवं विधानसभा क्षेत्र बालाघाट के 276 मतदान केंद्रो के बीएलओ द्वारा 01 लाख 18 हजार मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटलाईजेशन कर लिया गया है। यह कार्य 04 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत पूर्ण करना है।

अधिकारियों के निरीक्षण और बीएलओ टीम को प्रतिदिन लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देशों के बाद प्रक्रिया में और तेजी देखने को मिल रही है। निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध और अद्यतन बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आगामी चुनावों में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सही रूप से सूची में दर्ज हो सके।

# आरक्षक को बिना हेलमेट स्कूटी चलाने की मिली सजा

## एसपी ने तुरंत निलंबित कर जांच के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में बिना हेलमेट स्कूटी चलाने का वीडियो सामने आने के बाद एक आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने आरक्षक ईश्वरदयाल कोल्हे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस लाइन में अटैच किया है।

घटना 17 नवंबर की बताई जा रही है, जब आरक्षक ईश्वरदयाल कोल्हे बिना हेलमेट स्कूटी चलाते हुए कैमरे में कैद हो गए थे। एक राहगीर ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया था। लगभग 18 सेकेंड के इस वीडियो में पुलिस की ओर से यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी तंज कसा जा रहा था।

निलंबन के बाद आरक्षक को प्रतिदिन की गणना में उपस्थित रहना होगा। पुलिस अधीक्षक ने रक्षित निरीक्षक को आरक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही आदेश दिया गया है कि निलंबित आरक्षक बिना लिखित अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा। एसपी ने सीएसपी बालाघाट को पूरे मामले की प्राथमिक जांच कर सात दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस मुख्यालय सहित बालाघाट में दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य है। आरक्षक ईश्वरदयाल कोल्हे, जो उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा में चालक के रूप में पदस्थ थे, वीडियो में बिना हेलमेट स्कूटी चलाते नजर आए थे। एसपी ने इसे जिला और पुलिस मुख्यालय स्तर पर चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा और हेलमेट अनिवार्य अभियान के नियमों का खुला उल्लंघन माना।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, वर्दीधारी पुलिसकर्मी का बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति लापरवाही है, बल्कि इससे पुलिस विभाग की छवि भी आम जनता के बीच प्रभावित होती है। इसी के चलते पुलिस रेगुलेशन पैरा 64(2) एवं 64(3) के उल्लंघन के आधार पर आरक्षक कोल्हे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में आरक्षक का मुख्यालय रक्षित केंद्र बालाघाट निर्धारित किया गया है।

## बिजली बिल बकायादारों को समाधान योजना में मिल रही है छूट

**बालाघाट।** बिजली बिल के बकायादारों के लिए मध्ययप्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा समाधान योजना 2025-26 शुरू की गई है। इसके अंतर्गत विलंबित बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गयी है। यह योजना 28 फरवरी, 2026 तक लागू रहेगी। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार ने बताया कि पहले चरण में 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा। भुगतान विकल्प में एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट मिलेगी। साथ ही 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा भी उपलब्ध है। पंजीयन हेतु घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को कुल बकाया का राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत जमा कर कराना होगा। उपभोक्ता अधिक जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत मंडल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं या कंपनी की वेबसाइट और 1912 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## हांक फोर्स इंस्पेक्टर शहीद आशीष शर्मा को गांधी चौक किरनापुर में दी गई श्रद्धांजलि



**किरनापुर।** किरनापुर के गांधी चौक में पुलिस थाना के प्रभारी माधव शर्मा व वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधि सहित स्टाफ हाफ फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई किरनापुर पुलिस के थाना प्रभारी ने शाम 6:00 बजे कैंडल मार्च निकालकर उन्हें गांधी चौक में नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई इस कार्यक्रम में उपस्थित बेनी प्रसाद अग्रवाल पूर्व सरपंच, दीपा बेनी अग्रवाल पूर्व सरपंच, गोपी अग्रवाल ,सिम्पीभाईजान, शिव तारन, ओपी मिश्रा एएसआई ,पुष्पेंद्र पाठक शिक्षक, पराग मोदी, डीडी मेश्राम और भी अन्य बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# गर्रा में एसआईआर कार्य जोरों पर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बालाघाट जिले में भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में एसआईआर कार्य जोरों पर चल रहा हैं। बीएलओ श्रीमती शेख अनीशा ने जानकारी देते हुए बताया हैं कि अब तक लगभग 490 एसआईआर फार्म डिजिटलाईजेशन पूर्ण किए जा चुके हैं। संभवतः 4 दिसंबर तक शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाएगा। एसआईआर डिजिटलाईजेशन कार्य में बीएलओ सहित शिक्षक भरत भूषण चौरागड़े, गर्रा पटवारी शरणागत, ग्राम पंचायत की टीम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का भरपूर सहयोग मिल रहा हैं। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने समस्त ग्रामवासियों से अपील किया हैं कि सभी ग्रामवासी अनिवार्य रूप से एसआईआर फार्म भरकर ग्राम विकास में सहयोग प्रदान करें। वहीं वार्डपंच श्रीमती जुबेदा शाह ने अपने वार्ड में भ्रमण कर डोर-टू-डोर पहुंचकर वार्डवासियों को एसआईआर फार्म भरने के लिए प्रेरित किया हैं तथा फार्म भरने में सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं।

# पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में वीणा जमरे ने बढ़ाया बालाघाट का मान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएनएस) की प्रतिभावान छात्रा वीणा जमरे पिता श्री धनराज जमरे ग्राम गटापायली ने महाविद्यालय तथा जिले का नाम गौरवान्वित करते हुए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (प्री-आरडी परेड कैम्प) में शानदार सहभागिता दर्ज की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कई वर्षों से उत्कृष्ट नवाचार और उल्लेखनीय गतिविधियों का संचालन कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष परिणाम है कि महाविद्यालय के स्वयं सेवक लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। इसी श्रृंखला में बीएससी चतुर्थ वर्ष की छात्रा वीणा जमरे का चयन प्रतिष्ठित (प्री-आरडी परेड कैम्प) के लिए हुआ जो कि 05 नवंबर से 14 नवंबर तक आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में आयोजित हुआ था। इस चयन प्रक्रिया में स्वयंसेवक को कॉलेज, जिला और विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करके आगे बढ़ना होता है। कठिन चयन प्रक्रिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर वीणा ने यह उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 1 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी के लिए पूरे देश से केवल लगभग 45 लाख एनएसएस स्वयंसेवकों में से मात्र 200 प्रतिभागियों का चयन किया जाता है। विभिन्न जोन से चुने जाने वाले इन प्रतिभागियों में वीणा जमरे का चयन मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय निदेशालय एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। शिविर से लौटने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि चयन में शारीरिक दक्षता, सांस्कृतिक दक्षता एवं साक्षात्कार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें वीणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# जल जीवन मिशन ने टिंगाटोला गाँव को दी नई पहचान

### महिलाओं के जीवन में आया बड़ा बदलाव, जल जीवन मिशन ने दिया राहत का 'जल'



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जब जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी, तब लक्ष्य था—देश के हर ग्रामीण घर तक पाईपलाइन के माध्यम से स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुँचाना। 'हर घर जल' का यह संकल्प अब कई गाँवों की किस्मत बदल रहा है। सतपुड़ा की सुंदर वादियों से घिरा बालाघाट जिले का टिंगाटोला गाँव भी उसी बदली हुई तस्वीर का उज्ज्वल उदाहरण बन चुका है।

**प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, अब जल सुविधा से समृद्ध:** सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसा बालाघाट जिला प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध है। यहां वनों का विस्तृत क्षेत्र है और अनेक जनजातियाँ एवं जातियाँ एक साथ निवास करती हैं। जिले के अधिकतर ग्रामीण अंचलों में वर्षों से पेयजल की समस्या बनी रही है, परंतु जल जीवन मिशन के तहत किए गए प्रयासों से अब कुछ गाँवों में स्थिति उल्लेखनीय रूप से बदल रही है। जिले के विकासखण्ड बिरसा का ग्राम टिंगाटोला इस बदलाव का सबसे सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है।

**कभी थी जल संकट की गंभीर स्थिति:** बिरसा विकासखंड का छोटा-सा ग्राम टिंगाटोला पहले अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता था, पर पेयजल की समस्या इस खूबसूरती पर भारी पड़ती थी। दूर-दूर तक जंगल, पहाड़ और जनजातीय जीवन—लेकिन घरों में पानी की एक-एक बूंद लाना कभी आसान नहीं था। ग्राम टिंगाटोला के निवासियों के लिए पहले पेयजल की व्यवस्था करना किसी चुनौती से कम नहीं था। महिलाओं को सिर पर मटके रखकर दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। महिलाओं का कीमती समय पानी भरने में चला जाता था। बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं के घरेलू कामकाज और मजदूरी जैसे कार्यों में पानी की कमी के कारण रुकावट आती थी।

**जल जीवन मिशन से बदली तस्वीर:** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम टिंगाटोला में 'एकल नलजल योजना' को लागू किया गया, इस योजना के अंतर्गत ग्राम में 118 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे 702 की आबादी वाले इस गाँव में हर घर में नल से जल पहुँच रहा है। इससे अब ग्रामीणों को पानी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है, बल्कि उनके अपने घरों में ही स्वच्छ जल उपलब्ध है। यह बदलाव न केवल समय की बचत कर रहा है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में भी आश्चर्यजनक सुधार लेकर आया है।

**महिलाओं ने महसूस किया असली बदलाव:** ग्राम टिंगाटोला की निवासी श्रीमती मनीषा मरकाम कहती हैं कि पहले हमें सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ता था। अब हर घर में नल से पानी मिल रहा है, जिससे हमारी परेशानियाँ दूर हो गई हैं। समय की बचत हो रही है और हम अपने परिवार और बच्चों पर ज्यादा ध्यान दे पा रहे हैं। हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को इसके लिए दिल से धन्यवाद देते हैं।

# पंवार समाज ब्लॉक संगठन खैरलांजी का जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन की उपस्थिति हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



ब्लॉक मुख्यालय खैरलांजी में पंवार समाज खैरलांजी के स्वजातीयजनों द्वारा पंवार समाज की बैठक आहूत की गई,बैठक की अध्यक्षता जिला पंवार क्षत्रिय संगठन पंवार समाज जिला अध्यक्ष श्री विशाल बिसेन जी द्वारा की गई। बैठक में सर्वप्रथम मां गढ़कालिका,प्रभु श्री रामचंद्र जी एवम् राजा भोज जी पूजा अर्चना की गई। इसके बाद ब्लॉक संगठन के गठन की विधिवत प्रस्तावना जिला महासचिव डॉ राजेंद्र एल कटरे द्वारा रखी गई। उपस्थित समाजजनों द्वारा सर्वसहमति से मोहगांवघाट (रानी मोहगांव) निवासी श्री शैलेश पारधी को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही भंडारबोडी निवासी श्री डॉ शिशुपाल बिसेन को उपाध्यक्ष तथा श्री कौशल नाथ तुरकर को संरक्षक मनोनीत किया गया। उपस्थित समाजजनों द्वारा सर्वसहमति से तय किया गया की पंद्रह दिवस के भीतर ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार करना है। इस अवसर पर जिला संगठन बालाघाट से जिलाध्यक्ष श्री विशाल बिसेन, महासचिव डॉ राजेंद्र एल कटरे, कोषाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र राहंगडाले,उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री बिसेन, उपाध्यक्ष श्री लोकेश राहंगडाले,जिला संरक्षक कृष्ण कुमार भैरम, कृषि एवं गौसेवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष युगल किशोर भगत, संयुक्त सचिव श्री प्रजल राहंगडाले, मीरग़पुर सर्किल संगठन अध्यक्ष श्री जयेश देशमुख सचिव राजेश चौधरी, उपाध्यक्ष दीपक देशमुख, सुखदेव राहंगडाले, लोकेश ठाकरे, अंकित ठाकरे, दुर्गेश पारधी, सुखदेव राहंगडाले,योगेश गौतम, रमेश भाऊ ठाकरे, रंजीत रंगडाले, दामोदर रंगडाले,नीतीश टेमरे, संजय गौतम, रमेश पटले, बुधराम बिसेन, दयानंद बघेले ,लक्ष्मीकांत बघेले ,हेमेंद्र तुरकर, नीरज रंहागडाले,मनीष पाल जी,आशीष बिसेन,शैलेश पारधी, नितेश पटले,गांधी ठाकरे, बलिकराम रंहागडाले,सुशील तूरकर,डॉक्टर गुरुदयाल बिसेन, राजेंद्र तुरकर ,मारुति रंहागडाले, सुरेंद्र बिसेन ,खिलेंद्र शरणागत, दरियाव ठाकरे ,भोलाराम रंहागडाले, देवनलाल जैतवार, शुशील बिसेन ,सुखलाल रंहाडाले, डॉक्टर दुर्गा प्रसाद पटले ,श्रीमती विनीता पटले ,बालाजी रहागडाले,गणेश ठाकरे ,महादेव पटले ,सुखलाल पटले ,दिनेश कुमार भगत, परसराम ठाकरे,संजय राहंगडाले एवं सैकड़ो समाजजन उपस्थित रहें।

# 26 नवंबर को मनाया जाएगा संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज बैहर।




स्थानीय नगर मुख्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी सामाजिक संगठनों के तत्वाधान में संविधान दिवस समारोह आयोजन समिति के द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है साथ ही भारतीय संविधान व महापुरुषों पर आधारित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 23 नवंबर दिन रविवार को किया गया है,परीक्षा में विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण मुख्य कार्यक्रम 26 नवंबर को जन समुदाय की उपस्थिति में अतिथियों के द्वारा दिया जाएगा 26 तारीख को दोपहर 12:00 बजे संविधान जन जागृति वाहन रैली निकाली जाएगी,तत्पश्चात दोपहर 3:00 बजे से मंचीय कार्यक्रम किए जाएंगे।उक्त कार्यक्रम गोंडवाना भवन थाने के सामने सिविल लाइन मैदान में किया जाएगा उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार वैद्य विकासखंड अधिकारी, मुख्य वक्ता मोहम्मद अयाज अंसारी राष्ट्रीय सचिव जेएनवी, विशेष अतिथिगण आलोक चौरे प्राचार्य, पवन कुमार चढार बैंक मैनेजर एसबीआई, शिवलाल सैयाम सरपंच संघ अध्यक्ष, एम एल चौरे अध्यक्ष दी बुद्धिष्ट सोसाइटी तहसील शाखा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मंशाराम मड़ावी अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद करेंगे, विदित हो कि जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बैहर में मनाया जाने वाला संविधान दिवस समारोह भव्य रूप से मनाया जाता है,आयोजन समिति के सदस्य सुखसिंह नेताम,संजय लाकड़े,राजा बोरकर, सिद्धार्थ मेश्राम ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# शासकीय महाविद्यालय हट्टा में "जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय हट्टा में दिनांक 19 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वेबिनार का प्रमुख विषय "जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता" था, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने विषय की पृष्ठभूमि एवं इसकी वर्तमान वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालकर किया। उन्होंने बताया कि बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य में जैव विविधता संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। वेबिनार के प्रथम मुख्य वक्ता डॉ. तुलसीराम रहांगडाले ने जैव विविधता के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उदाहरणों एवं शोध-आधारित तथ्यों के साथ बताया कि जलवायु परिवर्तन न केवल पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित कर रहा है, बल्कि मानव जीवन, कृषि, औषधीय पौधों तथा पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों पर भी व्यापक प्रभाव डाल रहा है।इसके पश्चात शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी के शिक्षक डॉ. प्रशांत तिवारी ने अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों तथा उन्हें कम करने के वैज्ञानिक उपायों पर अपने शोध निष्कर्ष साझा किए। द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक एवं स्थानीय प्रभावों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि तापमान वृद्धि, असंतुलित वर्षा, प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति एवं जैविक संपदा की हानि जैसी समस्याएँ तत्काल समाधान की मांग करती हैं।इसके बाद डॉ. विनीत टांडिया ने अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करते हुए प्रसिद्ध मानवशास्त्री डॉ. वेरियर एल्विन के आदिवासी जीवन एवं प्रकृति संरक्षण संबंधी विचारों को आधुनिक जलवायु संकट से जोड़कर महत्त्वपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों की प्रकृति-केन्द्रित जीवनशैली आज की पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान का मार्ग दिखाती है।कार्यक्रम के संचालन व समन्वय में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन, वर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर कटरे, तथा कार्यक्रम के संयोजक श्री मीताराम लिल्हारे का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं स्टाफ ने वेबिनार को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस राष्ट्रीय वेबिनार में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। प्रतिभागियों ने वेबिनार को ज्ञानवर्धक, उपयोगी और समकालीन विषय की दृष्टि से अत्यंत सार्थक बताया। वेबिनार का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों, वक्ताओं एवं आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने बच्चों को ओढ़ाए कंबल, शॉल और जागरूकता की नई रोशनी

# गांगुलपारा की दुर्गम पहाड़ियों में पहुँची सेवा की गर्माहट

### चारों ओर फैले घने वन, ऊँचाई-निचाई वाली पहाड़ियाँ और सीमित सुविधाएँ—इन्हीं चुनौतियों के बीच स्थित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




गांगुलपारा बालाघाट जिले का अत्यंत दुर्गम वनांचल गाँव है। यहाँ तक पहुँचना जितना कठिन है, उतना ही कठिन यहाँ के जरूरतमंद परिवारों और बच्चों का जीवन, विशेषकर इन दिनों पड़ रही कड़कड़ाती ठंड में।इसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 20 नवंबर 2025 को आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (म.प्र.) ने जन-सहयोग के माध्यम से शा. प्रा. शाला गांगुलपारा में कंबल एवं शॉल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।जब बच्चों को गर्माहट से भरे कंबल और शॉल ओढ़ाए गए, तो उनके चेहरों पर आई मुस्कान और राहत ने पूरे वातावरण को मानवीय करुणा से भर दिया।समिति ने स्पष्ट किया कि इस पहल का उद्देश्य केवल ठंड से बचाव नहीं, बल्कि—"दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों और परिवारों तक गर्माहट, सुरक्षा और संवेदना पहुँचाना, ताकि उन्हें महसूस हो कि समाज उनकी कठिनाइयों के साथ खड़ा है।"कार्यक्रम के दौरान बच्चों कोस्वच्छता एवं साफ-सफाई, स्वास्थ्यकर आदतें, खेलकूद का महत्व और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के बारे में जागरूक किया गया और प्रेरित किया गया कि वे कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन में बेहतर दिशा तय कर सकते हैं।कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक श्री देवराम पंचेश्वरस्टाफ संजय बांसोड़, ग्रामीणजन और समिति सदस्य उपस्थित रहे।समिति ने करुणा-हृदय दानदाताओं श्रीमती भारती ढोके, लक्ष्मी डोंगरे, पंचशील वैद्य, श्री के. के. भालाधरे, आशीष कुमार बारमाटे, मिलिंद देशभरताल तथा समिति के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया।